प्रेस नोट दिनांक 21.05.2026

थाना- बारादरी जनपद बरेली

थाना बारादरी #bareillypolice द्वारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले 03 शातिर अभियुक्तों को 01 किलो 55 ग्राम अवैध अफीम (जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 15 लाख रूपये) सहित किया गया गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-

अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बारादरी पुलिस द्वारा रात्रि गस्त के दौरान दिनांक 21.05.2026 को 03 शातिर मादक पदार्थ विक्रेता 1.पवन पुत्र मुन्ने लाल निवासी घघौरा पिपरिया मॉडल विलेज थाना भोजीपुरा जनपद बरेली उम्र 21 वर्ष 2. अभिषेक पुत्र गुड्डू निवासी ग्राम केंलिपाई थाना दातागंज जनपद बदायूं उम्र 21 वर्ष 3. अभिषेक पुत्र गुड्डू निवासी ग्राम केंलिपाई थाना दातागंज जनपद बदायूं उम्र 21 वर्ष को विकास भवन के पीछे वाले रास्ते से **कुल 01 किलो 55 ग्राम अवैध अफीम (कीमत लगभग 15 लाख रूपये)** व 02 मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया गया, जिसके सम्बन्ध में अभियुक्तगण के विरूद्ध मु0अ0सं0 660/2026 धारा 8/18/29 NDPS एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से विस्तृत पूछताछ कर माननीय न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है ।

घटना के सम्बन्ध में तथ्यों का सारगर्भित विवरणः-

दिनांक 21.05.2026 को रात्रि चेकिंग के दौरान थाना बारादरी पुलिस टीम द्वारा श्यामगंज चौराहे पर गस्त करते हुए पहुँचे तथा श्यामगंज चौराहे से गस्त करते हुए विकास भवन की तरफ जा रहे थे कि तभी 03 व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया गया तभी टीम द्वारा तीनों व्यक्तियो को पकड लिया। उक्त पकडे गये व्यक्तियों की तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से **कुल 01 किलो 55 ग्राम अवैध अफीम (कीमत लगभग 15 लाख रूपये) व 02 मोबाइल विभिन्न कम्पनी** बरामद कर मु0अ0सं0 660/2026 धारा 8/18/29 NDPS एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । अभियुक्त को बरामदगी सहित माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर रिमाण्ड की कार्यवाही की जायेगी ।

घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अ0सं0 660/2026 धारा 8/18/29 NDPS एक्ट थाना बारादरी बरेली बनाम 1.पवन पुत्र मुन्ने लाल निवासी घघौरा पिपरिया मॉडल विलेज थाना भोजीपुरा जनपद बरेली उम्र 21 वर्ष 2. अभिषेक पुत्र गुड्डू निवासी ग्राम केंलिपाई थाना दातागंज जनपद बदायूं उम्र 21 वर्ष 3.अभिषेक पुत्र गुड्डू निवासी ग्राम केंलिपाई थाना दातागंज जनपद बदायूं उम्र 21 वर्ष 04.विमलेश पुत्र दुर्गेश निवासी ग्राम बनारा थाना भमौरा जनपद बरेली (फरार) के विरूद्ध दिनांक 21.05.2026 को पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है ।

पूछताछ एवं अभियुक्त का विवरणः-

अभियुक्तों से पूछने पर अभियुक्त अभिषेक पुत्र गुड्डू उपरोक्त ने बताया कि हम पढे लिखे नहीं है तथा ईंट भट्टे पर मजदूरी करता है। वही पर इसकी मुलाकात विमलेश और विकेश हुई थी। विमलेश ने इससे कहा कि तुम यहां ईंट भट्टे पर मजदूरी करके कितना कमा लेते हो । तुम हमारे साथ काम करो, हम तुम्हे अच्छा पैसा दिलायेंगे और कहा कि जो तुम्हारे विश्वास पात्र हो, उन्हे भी हमसे मिलवा दो , उन्हे भी हम अपने साथ काम पर रख लेंगे। मैं लालच में आ गया तथा मेरे रिस्तेदारी में मेरे साथ के पवन व पिंकू को भी मैने यह बात बताई तो वह भी मेरे साथ काम करने के लिए तैयार हो गये और हम तीनो लोग विमलेश से यह अफीम लेकर रात्रि में चलने वाले ट्रक चालको व ढाबो पर बेचने लगे और आज भी हम लोग यहां यह अफीम बेचने के लिए खडे थे कि आप लोगो ने पकड़ लिया ।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त व अपराधिक इतिहासः –

1.पवन पुत्र मुन्ने लाल निवासी घघौरा पिपरिया मॉडल विलेज थाना भोजीपुरा जनपद बरेली उम्र 21 वर्ष

मु0अ0सं0 0660/2026 धारा 8/18/29 एनडीपीएस एक्ट थाना बारादरी

मु0अ0सं0 0543/2024 धारा 115(2)/351(3)/64(2)/65(1)/74 बी0एन0एस0 व 4(2)/5I/6 पाक्सो एक्ट थाना भोजीपुरा

2.अभिषेक पुत्र गुड्डू निवासी ग्राम केंलिपाई थाना दातागंज जनपद बदायूं उम्र 21 वर्ष

मु0अ0सं0 0660/2026 धारा 8/18/29 एनडीपीएस एक्ट थाना बारादरी बरेली।

3.पिंकू पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम पवारी थाना भमौरा जनपद बरेली उम्र 27 वर्ष

मु0अ0सं0 0660/2026 धारा 8/18/29 एनडीपीएस एक्ट थाना बारादरी बरेली।

बरामदगी

01 किलो 55 ग्राम अवैध अफीम (कीमत लगभग 15 लाख रूपये)

02 मोबाइल फोन

गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरणः-

1. प्रभारी निरीक्षक विजेन्द्र सिंह थाना बारादरी बरेली।
2. उ0नि0 अखिलेश उपाध्याय चौकी प्रभारी श्यामगंज थाना बारादरी बरेली।
3. उ0नि0 जावेद अख्तर चौकी प्रभारी काकंरटोला थाना बारादरी बरेली।
4. हे0का0 534 आशीष कुमार मिश्र थाना बारादरी बरेली।
5. हे0का0 329 राहुल कुमार थाना बारादरी बरेली।
6. का0 2893 सिद्धान्त चौधरी थाना बारादरी बरेली।
7. का0 511 आदित्य प्रताप सिंह थाना बारादरी बरेली।
8. का0 13 अंशुल कुमार थाना बारादरी बरेली।